**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**05.09.2025/प्रादेशिक समाचार/18:00बजे**

**सुक्खू**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज आपदा प्रभावित कुल्लू जिला के विभिन्न हिस्सों का सेना के एम.आई हैलीकॉप्टर से हवाई सर्वेक्षण किया। उन्होंने शिमला से कुल्लू जाते समय मंडी जिला में आपदा से हुए नुकसान का भी हवाई सर्वेक्षण कर जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने मनाली का दौरा भी किया और वहां बीते दिनों आई बाढ़ के बाद के हालात का जायजा लिया और पीड़ितों से बातचीत की। मुख्यमंत्री ने बाद में कुल्लू के आखाड़ा बाजार में भू–स्खलन प्रभावित क्षेत्र का भी दौरा किया और प्रभावितों से मिलकर उनका दुख दर्द सांझा किया। उन्होंने इस मौके पर प्रभावितों को सरकार की ओर से हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने भूंतर हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि इस बार प्रदेश में आई भयंकर आपदा से भारी तबाही हुई है। उन्होंने कहा कि बीते चार दिनों के दौरान प्रदेश में जितनी तबाही हुई है, वैसी तबाही पहले कभी नहीं देखी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि भरमौर में फंसे मणिमहेश श्रद्धालुओं को निकालने का काम जोरों पर है और इसके लिए वायु सेना के चिनुक हैलीकॉप्टर की सहायता ली जा रही है।

**जगत सिंह नेगी**

इस बीच राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि प्राकृतिक आपदा के चलते मणिमहेश यात्रा के दौरान फंसे 15 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को सुरक्षित उनके घरों तक पहुंचा दिया है। जगत सिंह नेगी ने आज चंबा में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि शेष बचे हुए श्रद्धालुओं को भी चंबा पहुंचाया जा रहा है। इसके लिए वायु सेना के दो चिनुक हैलीकॉप्टरों की सहायता ली जा रही है। उन्होंने कहा कि चंबा से भरमौर तक की सड़क को अगले दो–तीन दिनों में यातायात के लिए खोल दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बिजली और पानी की व्यवस्था भी युद्ध स्तर पर बहाल की जा रही है।

**शिक्षक दिवस**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा है कि शिक्षक समाज निर्माण में अहम भूमिका अदा करते हैं और हमारी संस्कृति में गुरू को ईश्वर से भी बढ़कर माना गया है। राज्यपाल आज शिमला में राज्य स्तरीय शिक्षक दिवस के मौके पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस समारोह में 38 शिक्षकों को राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राज्यपाल ने कहा कि शिक्षक समाज निर्माता है और हर व्यक्ति के जीवन में उनकी प्रेरणा रहती है। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने का भी आह्वान किया।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने इस मौके पर कहा कि इस बार तकनीकी शिक्षकों और कॉलेज कैडर के शिक्षकों को पहली बार राज्य स्तरीय शिक्षक दिवस पर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार भविष्य में भी गुणात्मक शिक्षा के लिए काम करती रहेगी।

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने इस अवसर पर कहा कि सरकार शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार कर रही है और आने वाले समय में हिमाचल के स्कूल व कॉलेज देश के सर्वश्रेष्ठ एक सौ शिक्षण संस्थानों में जगह बनाने में कामयाब होंगे।

---------------------------------------------------------------------------------------------------